(ख) उन मंत्रियों तथा प्रथम श्रेणी के अधिकारियों के नाम क्या हैं जिनके पुत्र तथा पुत्रियां इन कम्पनियों में नियुक्त हैं ;

(ग) उन मंत्रियों तथा संसद् सदस्यों के नाम क्या हैं जिनकी अपनी कम्पनियां हैं; और

(घ) ऐसी प्रत्येक कम्पनी में कितनी पूंजी लगी हुई है और इसमें से कितनी राशि ऋण के रूप में प्राप्त की गई है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) से (घ). इच्छित सूचना उपलब्ध नहीं है। मंत्रियों, संसद् सदस्यों तथा केन्द्रीय सरकार के प्रथम श्रेणी के राजपत्रित कर्मचारियों एवं उनके पुत्रों व पुत्रियों की बाबत, भारत में कार्यरत लगभग 28,000 कम्पनियों के सम्बन्ध में सूचना का संग्रह, एक परिश्रमीय व अत्यधिक लम्बी प्रक्रिया होगी; जो प्राप्त होने वाले सम्भाव्य परिणाम के अनुरूप नहीं होगी।

इस्पात के कारखानों में इंजीनियर

1288. **श्री बंश नारायण सिंह :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भिलाई, दुर्गापुर, रूरकेला तथा बोकारो इस्पात कारखानों में भारतीय तथा विदेशी इंजीनियरों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) उनके पदों का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक पद का वेतनमान कितना है ;

(ग) उनमें से कितने इंजीनियरों ने विदेशों में प्रशिक्षण प्राप्त किया था और इस कार्य पर कितना व्यय हुआ था ;

(घ) क्या सरकार का विचार योग्य तथा कुशल मिस्त्रियों तथा मैकेनिकों को इंजीनियरों के पदों पर पदोन्नत करने का है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या इसका कारण व्यावहारिक ज्ञान की अपेक्षा सैधान्तिक ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों को तरजीह देने की सरकार की नीति है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पंत) : (क) और (ग). जानकारी प्राप्त की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

(ख) इंजीनियर शुरू में 400–950 रुपये के वेतन-मान में लगते हैं। इस ग्रेड में 50 प्र० श० पद इस बारे में बनाये गये नियमों के अनुसार निचले तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा भरे जाते हैं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली से बुलन्दशहर के लिये सीधी रेल सेवा

1289. **श्री बंश नारायण सिंह** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि उत्तर प्रदेश में बुलन्दशहर जिला सेना के लिये जवानों की भर्ती का एक बड़ा केन्द्र रहा है तथा देश का सबसे अधिक गेहूं पैदा करने वाला जिला भी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि दिल्ली से बुलन्दशहर के लिये कोई सीधी रेल सेवा नहीं है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार को यह भी पता है कि उस जिले के लोगों को इसके कारण बड़ी कठिनाई होती है तथा सैनिक कर्मचारियों में भी बड़ा असंतोष है ;